सत्यमेव जयते

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

## राजभवन, पटना 800022

| ई-मेल/फैक्स |
|---|

पत्रांक-BSU(VC)-45/2019- 35 /रा०स०(I) दिनांक-09-01-2021

प्रेषक,

राम अनुग्रह नारायण सिंह, भा.प्र.से.
संयुक्त सचिव

सेवा में

कुलपति
मुँगेर विश्वविद्यालय,
मुँगेर ।

विषयः-विश्वविद्यालय द्वारा लिये जाने वाले नीतिगत निर्णय के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि आपका कार्यकाल निकट भविष्य में समाप्त हो रहा है। इस आलोक में माननीय कुलाधिपति सह महामहिम राज्यपाल, बिहार ने यह निर्देश देने की कृपा की है कि मुँगेर विश्वविद्यालय में किसी प्रकार के नीतिगत निर्णय/ किसी प्रकार की नियुक्ति अथवा स्थानांतरण इत्यादि की कार्रवाई नहीं की जाय। इसी प्रकार किसी भी नई योजना या अन्य नए कार्य जिसमें वित्तीय दायित्व का निर्धारण हो रहा हो, वैसे निर्णय नहीं लिये जाय। यदि विशेष परिस्थितिवश कार्यहित में किसी प्रकार के नीतिगत/ वित्तीय निर्णय लिये जाने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति से पूर्वानुमति प्राप्त कर ही अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय।

अनुरोध है कि माननीय कुलाधिपति के उपर्युक्त आदेश का अनुपालन तत्काल सुनिश्चित किया जाय तथा पत्र के प्राप्ति की सूचना दी जाय।

महामहिम राज्यपाल के आदेश से,

9/1/2021

(राम अनुग्रह नारायण सिंह)
संयुक्त सचिव